हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 जून 2024


11 आधार सेवा केंद्र पर लटका हुआ ताला, लोगों ने किया प्रदर्शन


12 श्याम सेवा दल संस्था जाखल को किया सम्मानित

**खबर संक्षेप**

### बीएलआईई 227 की प्रायोगिक परीक्षा 27 से

**सिरसा।** जीएनसी सिरसा स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1014 में बीएलआईई 227 की प्रायोगिक परीक्षा 27 जून से 02 जुलाई 2024 तक आयोजित होगी। केंद्र समन्वयक डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि बीएलआई 227 की प्रायोगिक परीक्षा प्रातःकालीन पारी सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सांध्यकालीन पारी दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी। डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि यह प्रायोगिक परीक्षा बिल्कुल थ्योरी परीक्षा के जैसी ही होगी। जिन परीक्षार्थियों की परीक्षा है वह परीक्षा से 30 मिनट पहले सेंटर में पहुंचे व परीक्षा शुरु होने के 30 मिनट बाद किसी भी परीक्षार्थी की एंट्री नहीं होगी।

### कांग्रेस भवन में बैठक कल

**सिरसा।** स्थानीय कांग्रेस भवन में 27 जून को सुबह 11 बजे एक जरूरी बैठक होगी। कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव संगीत कुमार ने बताया कि बैठक में आगामी 12 जुलाई को नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं पार्टी प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के प्रस्तावित जिला सिरसा कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस बैठक में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

1100 गरीब परिवारों के घर नहीं लगेगा सरसों के तेल का तड़का

## जाखल खंड के राशन डिपो पर 2200 लीटर कम पहुंचा तेल

राशन न पहुंचने से अनेक कार्ड धारकों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल (फतेहाबाद)


**जाखल।** राशन डिपो से मिलने वाले तेल से वंचित लोग अपनी समस्या रखते हुए।

जून महीना खत्म होने में अब मात्र चार दिन शेष बचे हैं, इसके बावजूद अभी तक राशन डिपो पर सरसों के तेल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं पहुंची है। इससे कई लाभार्थी परिवार अभी तक सरसों के तेल से वंचित है। तेल के लिए यह लोग राशन डिपो पर चक्कर काट रहे हैं। राशन न पहुंचने से अनेक कार्ड धारक परेशान हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि मुख्यालय से ही तेल ही सप्लाई पूरी नहीं दी गई है। ऐसे में लोग दिन में कई-कई बार अपने डिपो संचालक को फोन कर रहे हैं या फिर वहां चक्कर लगा रहे हैं। राशन में लगातार हो रही इस लेटलतीफी से पात्र लोगों में रोष है। इन लोगों का कहना हैं कि कभी सर्वर डाउन रहता है तो कभी डिपो पर राशन नहीं पहुंचता। पात्र लोगों ने कहा कि इससे पहले भी कई बार डिपो से पूरा राशन न मिलने की समस्या आई है।

### 1100 पात्र परिवार सरसों तेल के लिए भटक रहे

खाद्य पूर्ति विभाग के अनुसार जाखल में 900 गुलाबी कार्ड तो 10 हजार 60 बीपीएल राशन कार्ड है। इन कार्ड धारकों को प्रतिमाह 2 लीटर सरसों का तेल मिलता है। ऐसे में जाखल में पात्र परिवारों के लिए हर माह करीब 22 हजार लीटर तेल की आवश्यकता होती है। बताया गया हैं कि बीते मई माह में विभाग द्वारा यहां 15 हजार 985 लीटर सरसों तेल की आपूर्ति राशन डिपो पर की थी, वहीं इस जून माह में 13 हजार 736 लीटर सरसों तेल की सप्लाई पहुंची हैं। इसके चलते 1100 पात्र परिवार सरसों तेल के लिए राशन डिपो पर भटक रहे हैं। तेल न मिलने से इन लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। इसे लेकर पात्र परिवारों में शासन प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है।

### क्या कहते हैं पात्र लोग

जाखल से राशन कार्ड धारक साहिल, जज, दीपक, रोशनी, बेरी, राणा, श्याम सिंह, जोनी, राजवाला आदि ने बताया कि उन्हें अभी तक डिपो से सरसों का तेल नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पहले तो बड़ी मुश्किल से उनका बीपीएल राशन कार्ड बना था। पहचान पत्र में त्रुटियां से आय ज्यादा होने के कारण कई माह तक उनके राशन कार्ड नहीं बन पाएं। इसके बाद उन्होंने भाग दौड़ कर कई बार विभागों के चक्कर लगाकर राशन कार्ड बनवाए थे और अब जब राशन कार्ड बने है तो राशन को लेकर हर माह कोई ना कोई परेशानी बनी रहती है। इस बार भी उन्हें अभी तक सरसों का तेल नहीं मिला है, जबकि इसके बारे में उन्हें कोई सूचना आदि नहीं दी जा रही है। ऐसे में वो अपना मजदूरी का कार्य छोड़कर राशन डिपो पर चक्कर लगा रहे हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

*पिछले मई माह में जाखल के राशन डिपो पर 15 हजार 985 लीटर सरसों तेल आपूर्ति की गई थी, लेकिन मुख्यालय से आपूर्ति कम आने पर इस माह 13 हजार 736 लीटर तेल राशन डिपो पर सप्लाई की गई है। इस समस्या के बारे में हमने उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है।*

*-राकेश कुमार, निरीक्षक खाद्य पूर्ति विभाग जाखल*

## नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां


सिरसा। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

पुलिस प्रशासन की ओर से आरंभ किए गए ड्रग फ्री इंडिया कैंपेन अभियान के तहत मंगलवार को ओढां पुलिस ने गांव राजपुरा में आमजन व खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देकर नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। पुलिस अधिकारी राजपाल ने आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए बताया कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए खेलों की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे दूरी बनाकर रखने के लिए प्रेरित करें। नशा ही घर के नाश का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की लत से समाज और देश की बहुत बड़ी हानि हो रही है। हमारा दायित्व बनता है कि हम युवाओं को नशे से दूरकर उनकी रुचि खेल के प्रति बढ़ावा देकर युवाओं को अच्छी दिशा में ला जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे युवा नशे की लत के 'यादा शिकार हैं। चूंकि युवावस्था में करियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। इस अवसर पर पुलिस द्वारा गांव के मौजिज लोगों को शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

## गोशाला संबंधी कठिनाइयों को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

गोवंश गोशाला सेवा संघ जिला सिरसा की वार्षिक बैठक मंगलवार को स्थानीय श्री गौशाला सिरसा में जिलाध्यक्ष योगेश बिश्नोई की अध्यक्षता में हुई, जिसमें गोशाला में संचालन में आ रही कठिनाइयों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार को 50 रुपए प्रति गोवंश प्रतिदिन चारे के लिए अनुदान दिया जाए। इस बाबत मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन स्थानीय विधायक गोपाल कांडा तथा भाजपा नेता गोविंद कांडा के मार्फत आगामी बृहस्पतिवार को सौंपा जाएगा तथा सरकार से मांग की जाएगी कि गौशालाओं के संचालन के लिए 50 रुपए प्रति गोवंश प्रतिदिन अनुदान जारी करने का आदेश जारी करे, ताकि गौशालाओं के संचालन में दिक्कत न आए तथा बेसहारा गोवंश को गोशाला में आश्रय दिया जा सके। बैठक में गोवंश गोशाला सेवा संघ हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष ओम ज्याणी, रानियां खंड के प्रधान रमेश बैनीवाल, ऐलनाबाद खंड के प्रधान ओम सिहाग, चोपटा खंड के प्रधान ओम बेनीवाल, बड़ागुढ़ा खंड के प्रधान धर्मपाल ढाका आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा 29 सु शुरू

**सिरसा।** हुडा सेक्टर 20 स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 29 जून से 5 जुलाई तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा होगी।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रधान दुर्गा सिंह राठौड़ ने बताया कि ट्रस्ट के 14वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में होने वाली श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में कथाव्यास स्वामी ललित किशोर व्यास कथा कहेंगे। उन्होंने बताया कि यह कथा 29 जून से शुरू होकर 5 जुलाई तक चलेगी और शाम 4 बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि आगामी 2 जुलाई को सुबह 8 बजे हवन यज्ञ होगा। दुर्गा सिंह राठौड़ ने लोगों से सपरिवार इस कथा में शामिल होने का आह्वान किया।

## चंदन नगर के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित

- अधिकारी और जनप्रतिनिधि कर रहे हैं पक्षपात
- नगर पालिका कार्यालय के गेट पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना


**भूना।** ज्ञापन सौंपते तीसरा मोर्चा टीम के सदस्य।

जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के क्षेत्र में विकास कायारे् को लेकर अनदेखी की जा रही है, इसलिए पक्षपात करने वाले अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के खिलाफ मजबूरन भूख हड़ताल करनी पड़ेगी। यह बात मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय के गेट पर सांकेतिक धरना देकर अधिकारियों से कहीं। धरने का नेतृत्व तीसरा मोर्चा टीम के डॉ. राजेश मेहंदिया व महात्मा ज्योतिबा फुले जागृति मिशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप बौद्ध ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों को लेकर पालिका के कर्मचारी को ज्ञापन भी सौंपा। मेहंदिया ने कहा कि भूना नगर पालिका के सचिव व अन्य कई जूनियर अधिकारी एससी, एसटी व ओबीसी वाडारे् से भेदभाव कर रहे है। मेहंदिया ने कहा की भूना नगर पालिका भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। उन्होंने वर्ष 2022 सितंबर में बाढ़ से हुए नुकसान के लिए शेष बचे हुए लोगों को भी मुआवजा देने, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की बस्तियों में सीवरेज व्यवस्था को सभी तक पहुंचाने, बीपीएल परिवारों का पानी बिल माफ करने, कच्ची एवं बदहाल सड़कों का निर्माण करने, उकलाना रोड पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क का प्रस्ताव पास करवा कर पूर्ण रूप से विकसित करने, ढक्की मोहल्ला के सामने एससी चौपाल का पूर्ण रूप से कब्जा मुक्त करवा कर एससी समाज को सौंपने, शहर में बीपीएल परिवारों को 2 लाख से कम आर्थिक आय वाले घरों को प्रॉपर्टी टैक्स से माफ करने आदि मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पालिका कर्मचारी भूप सिंह को ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर केला देवी, संतोष देवी, विनोद कुमार, मंगत राम, संतरों देवी, बिरमती देवी,नन्ही देवी आदि मौजूद रहे।

## महावीर अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित, 30 जुलाई तक करें अप्लाई

**फतेहाबाद।** भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 28वें महावीर अवार्ड के लिए चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा व शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। फाउंडेशन द्वारा उपरोक्त चार क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जाने हैं, जिनमें प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि इस अवार्ड के लिए गरीब तबके व समाज के लिए सेवाएं देने वाले संस्थान और लोग आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा के अवार्ड दिए जाएंगे।




## किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सरकार द्वारा किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने किसानों को आह्वान किया कि वे पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपये तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है। यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा।

### उपायुक्त राहुल ने दी जानकारी

डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जाएगा। यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा तथा उस पशुपालक को यह ऋण केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से चुकाना होगा। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि यदि किसी पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक द्वारा लिया गया ऋण एक साल की समय अवधि के दौरान वापिस जमा नहीं करवाया जाता है, तो उसे 12 प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से ऋण का भुगतान करना होगा। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को बाजार में प्रचलित अन्य किसी भी साधारण क्रेडिट, डेबिट कार्ड की भांति किसी भी एटीएम मशीन से राशि निकलवाने या बाजार से खरीददारी करने हेतु प्रमाणित लिमिट अनुसार प्रयोग कर सकता है। पशुओं की भिन्न-भिन्न श्रेणियों और वित्तीय पैमाने की अवधि के अनुसार ही पशुपालक को पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण दिया जाएगा। इच्छुक पशुपालक अपने नजदीकी राजकीय पशु चिकित्सालय या बैंक में जाकर पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### क्रिड विभाग की 54 समस्याओं में से आधे का ही हुआ समाधान

**फतेहाबाद।** डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। समाधान शिविर में अब तक रखी गई शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। जो लंबित हैं उनका भी समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। मंगलवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर में नागरिकों की कुल 69 समस्याएं सुनी गई, जिनमें से 37 का मौके पर समाधान किया गया। क्रिड विभाग की 54 में से 27, यूएलबी की एक में से एक, समाज कल्याण विभाग की 5 में से 4, फूड सप्लाई विभाग की 3 में से 3, स्वास्थ्य विभाग की 2 में से 2 शिकायतों का समाधान मौके पर किया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग व कल्याण विभाग से दो-दो शिकायतें समाधान शिविर में प्राप्त हुई।

## समाधान शिविर को लेकर सरकार की अच्छी पहल

- समस्याओं को जल्द हल करने के बारे में निर्देश दिए
- योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया


**रतिया।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम।

उपमंडलाधीश जगदीश चन्द्र ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर ही समाधान शिविर में शिकायतों का निपटान करने व अन्य समस्याओं को जल्द हल करने के बारे में निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करें और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें। समाधान शिविर में 11 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें परिवार पहचान पत्र, फैमिली आईडी में मुखिया का नाम व सम्बन्ध ठीक करवाना, लेबर कॉपी बनवाना, फैमिली आईडी में इन्कम ठीक व बैंक खाता बदलवाना 5 शिकायतें का मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं अन्य समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर सटीक जांच कर समाधान करने की बात कही। एसडीएम जगदीश चन्द्र ने कहा कि समाधान शिविर आम नागरिकों की समस्याओं के हल को लेकर सरकार की अच्छी पहल है। इससे लोगों को अलग-अलग विभागों के चक्कर काटने के बजाय एक ही जगह अपनी समस्या का निपटान करने में आसानी होती है। उन्होंने कहा कि अगर शिकायतकर्ता के पास सभी जरूरी दस्तावेज मौके पर होते हैं तो उसकी समस्या का समाधान तुरंत कर दिया जाता है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वह अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार के निर्देशों पर उपमंडल प्रशासन द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित किये जा रहे शिविर में लेकर आएं, ताकि उनकी समस्याओ का समाधान किया जा सके।



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

लाइफ Style



# जाह्नवी
## बुरी तरह हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।


इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'

हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।




# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुल: टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काड़ू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काड़ू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काड़ू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

## करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।



# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

### लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं


***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

## खबर संक्षेप

### अरोडवंश महासभा ने लगाया वॉटर कूलर

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद रोड पर भरपूर बस स्टॉप के पास स्व जगदीश चंद्र के पुत्रों राजेंद्र भठेजा भीष्म भठेजा के सहयोग से श्री अरोड वंश महासभा द्वारा पीने के ठंडे पानी का वाटर कूलर लगवाया गया है। इस मौके पर भठेजा परिवार से कृष्णा देवी ने पौधारोपण किया। अरोडवंश महासभा के अध्यक्ष अशोक ग्रोवर ने इस पुनीत कार्य के लिए भठेजा परिवार का अभार जताया इस मौके पर अशोक ग्रोवर, सचिव सतपाल सेठी, राम मोंगा, बृजलाल ग्रोवर, मदन लाल डोडा, प्रकाश मोंगा, भीष्म भठेजा, कपिल अरोड़ा, रणजीत सिंह, ईश्वर चंद, कृष्ण कुमार, नरेश कक्कड़ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### किसान नेता शिल्लू लोहान को पितृ शोक

**नारनौंद।** भारतीय किसान यूनियन (घासी राम नैन) के हलका प्रधान शिल्लू लोहान के पिता का निधन हो गया है। सोमवार देर रात अचानक उनको दिल का दौरा पड़ने से उन्होंने घर ही अंतिम सांस ली। शिल्लू लोहान ने बताया कि उनके पिता 88 वर्षीय सूबे सिंह को अचानक छाती में दर्द महसूस हुआ और सोमवार देर हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई।

### घर से चार लाख की नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** शहर के नोहरिया बाजार में एक बंद मकान में घुसकर चोर 4.50 लाख नकदी सहित लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक निशा मित्तल ने बताया कि बीती 18 जून को वह अपने पति का ऑप्रेशन करवाने के लिए परिवार सहित दिल्ली गई हुई थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने पीछे से मकान में घुसकर कमरों के ताले तोड़कर अलमारी में रखी करीब 4.50 लाख रुपए की नकदी, 2 सोने के टोपस, एक डायमंड रिंग, 1 जोड़ी सोने की बाली, चांदी की पाजेब चोरी कर ली।

### जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता सम्पन्न

**फतेहाबाद।** बीडीएस अकादमी में जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें जिलेभर के करीब खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जूनियर लड़कों में 45 किलोग्राम में देवांश उपाध्याय, 48 में अभिषेक, 52 में अतुल, 56 में अभिषेक, 60 में सौरभ, 70 में मनीष कुमार, यूथ में 56 किलोग्राम में रोहित, 60 में इशांत विजेता रहे। इसके अलावा जूनियर लड़कियों में 52 किलोग्राम में रेखा, यूथ लड़कियों में 48 किलोग्राम में पूनम ने स्टेट वुशु चैम्पियनशिप में अपना स्थान पक्का किया।

### प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए सर्टिफिकेट

**सिरसा।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में आयोजित ब्यूटी पॉर्लर प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया जिसमें 35 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। शिविर के समापन पर मुख्यातिथि पीएनबी सर्कल हैड सिकंदरपाल थे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यातिथि ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए रोजगारपरक क्रियाकलापों से प्रशिक्षणार्थी कुछ भी सीखते हैं तो वे बाहर जाकर अपना स्वयं का रोजगार चला सकते हैं।

---

त्रुटियों को ठीक करवाने और नए बनवाने को लेकर ग्रामीण भटक रहे

# आधार सेवा केंद्र पर लटका हुआ है ताला, लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

निर्धारित समय अवधि भी समाप्त होने के कारण आधार अपडेटिंग को लेकर लोगों को चिंता सता रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



भूना। बीडीपीओ कार्यालय भूना में आधार सेवा केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

आधार कार्ड अपडेट करवाने को लेकर मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय भूना में आधार सेवा केंद्र बंद मिलने के कारण बड़ी संख्या में गांवों से लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आधार कार्ड अपडेट होने से बैंकिंग, एजुकेशन से लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तक के लिए इसकी जरूरी पड़ती है। डीआईटीएस के तहत आधार मशीन लंबे समय से बीडीपीओ कार्यालय में चल रही थी, जो पिछले सप्ताह से बंद पड़ी और ऑफिस पर ताला लगा हुआ है, इसलिए आधार कार्ड को अपडेट करवाने व त्रुटियों को ठीक करवाने और नए बनवाने को लेकर खंड के कई गांवों के लोग लगातार भटक रहे हैं।

गांव लहरिया निवासी महेंद्र सिंह, रोबिन सिंह, ढाणी गोपाल के राजेंद्र सिंह, हरपाल सिंह हसंगा, बद्री प्रसाद शर्मा, हंसराज नाढोड़ी, सुशीला बांसल, रामरति आदि ने बताया कि सरकारी नियमों के मुताबिक, 10 साल पुराने आधार कार्ड की जानकारी को अपडेट करना जरूरी है। अगर आप अपने 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट नहीं करते हैं, तो सरकारी सुविधा नहीं मिलेंगी, इसलिए तपती गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को लेकर पिछले एक सप्ताह से आधार सेवा केंद्र कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। बच्चों के आधार कार्ड अपडेट करवाना स्कूलों में अनिवार्य कर दिया है वरना स्कूलों में दाखिले नहीं होंगे, इसलिए आधार अपडेट करवाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधार सेवा केंद्र के मुख्य गेट पर ताला लटका हुआ मिल रहा है। निर्धारित समय अवधि भी समाप्त होने के कारण आधार अपडेटिंग को लेकर चिंता सता रही है।

### विपक्षी नेता मौन और सत्ताधारी काम नहीं कर रहे

प्रदर्शनकारी राजेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, हंसराज व महेंद्र सिंह आदि ने आरोप लगाया है कि गांव में आधार अपडेट को लेकर बड़ी समस्या लोगों को हो रही है, मगर सत्ताधारी नेता समस्या समाधान को लेकर कोई कदम नहीं उठा रहे और विपक्षी नेता मौन धारण किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के आधार कार्ड अपडेट के लिए पिछले एक सप्ताह से विभिन्न गांव से भूना आना पड़ रहा है। जब आधार सेवा केंद्र कार्यालय पर ताला लटका मिलता है तो उन्हें निराशा होती है। क्योंकि बच्चे सबसे गर्मी में आते हैं और आर्थिक रूप से नुकसान होने के साथ-साथ समय की भी बर्बादी हो रही है। उनकी समस्या का समाधान करने वाला कोई नहीं है।

### ये है सरकार की पॉलिसी

आधार अपडेशन उन लोगों के लिए है, जिनका आधार कार्ड 10 साल पहले बना हो और उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया हो। ऐसे लोग नाम, पता, जन्म तिथि, फोटो या मोबाइल नंबर जैसी जानकारी को मुफ्त में अपडेट कर सकते हैं। आप कुछ बदलाव घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं, लेकिन, फोटो, आइरिस और फिंगरप्रिंट जैसी बायोमैट्रिक डिटेल्स को आधार सेवा केंद्र जाकर अपडेट कराना पड़ेगा। आपको अपने आधार में जरूरी बदलाव कराने के लिए कोई चार्ज नहीं देना होगा। बस सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट लगेंगे। जैसे कि आईडी और एड्रेस प्रूफ।

### आधार सेवा केंद्र बंद को लेकर मुझे जानकारी नहीं : डीएम

सीएससी डीएम फतेहाबाद शिल्पा ने इस संबंध में बताया कि भूना में आधार सेवा केंद्र क्यों बंद किए गए हैं, इसको लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वे सीएससी सेंटर से संबंधित ही समस्या का समाधान कर सकती है लेकिन इसके बारे में अतिरिक्त उपायुक्त फतेहाबाद की अधिक जानकारी दे सकते हैं। एडीसी ने फोन रिसीव नहीं किया।

---

# जिला केसरी खिताब जितने वाले सविन्द्र सम्मानित



भट्टूकलां। जिला केसरी को सम्मानित करते किसान सभा जिलाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

- देवीलाल टाउन पार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया
- जिला केसरी बनने पर जताई खुशी

जिला केसरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले गांव ढ़ाबीकलां निवासी सविन्द्र बेनीवाल के स्वागत में भट्टू के ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभाशाली खिलाड़ी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर व मिठाइयां बांटकर सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता भोड़िया खेड़ा के खेल स्टेडियम में आयोजित हुई थी। इससे पहले भी सविन्द्र बेनीवाल ने तीन बार जिला कुमार व तीन बार जिला केसरी का किताब जीत चुके हैं। अब वे प्रदेश स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। भट्टू में आयोजित सम्मान समारोह में किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त शर्मा ने विजेता खिलाड़ी का हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि जिला स्तर पर जिला केसरी बनना क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व की बात है। इस प्रतिभा से दूसरे खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि खेलों का बजट बढ़ाया जाना चाहिए। गांव स्तर पर पंचायत में भी खेलों के लिए स्पेशल बजट जारी करना चाहिए ताकि ग्रामीण प्रतिभा को आगे आने का समुचित अवसर प्रदान किया जा सके। किसान सभा के तहसील प्रधान मास्टर हनुमान सिंह ने कहा कि सविन्द्र बेनीवाल ने समय- समय पर कुश्ती के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुश्ती में उन्होंने अनेक पदक हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में जिला केसरी का पदक जीतने वाले सविन्द्र बेनीवाल गांव धांगड़ के पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बतौर जूनियर लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। समाजसेवी शिवम शर्मा ने भी विजेता खिलाड़ी को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

---

# श्यामलाल ढाणी में सीवरेज व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। ढाणी श्यामलाल की गलियों में जमा सीवरेज का पानी।

ठप सीवरेज व्यवस्था से परेशान ढाणी श्यामलाल के लोगों ने मंगलवार को नई सब्जी मंडी के सामने मिलगेट रोड जाम कर प्रदर्शन किया। जाम की सूचना मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को शीघ्र समस्या के समाधान का आश्वासन देकर लोगों को शांत करने का प्रयास किया। करीब एक घंटे तक जाम लगा रहने के कारण वहां से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।क्षेत्रवासियों का कहना है कि बार-बार जन अधिकारियों से सीवरेज व्यवस्था को ठीक करने की गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था का बुरा हाल है जगह-जगह सीवरेज ब्लॉक हैं और सड़कों व गलियों में सीवरेज का पानी खड़ा रहता है। उनका घरों से बाहर निकला दूभर हो गया है। गंदे पानी की वजह से क्षेत्र में बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि वे अने कबार इस समस्या की शिकायत कर चुके हैं लेकिन कहीं काई सुनवाई नहीं हो रही है। मजबूर उन्हें रास्ता जाम करने का कदम उठाना पड़ रहा है ताकि विभाग के अधिकारियों की नींद खुल सके। मिल गेट क्षेत्र के कैप्टन आरसी हाई स्कूल रोड, मिर्जापुर रोड, नलका चौक, 30 फुट रोड गलियां सीवरेज के पानी से भरी हुई हैं।

### अधिकारियों की बोलती हुई बंद

मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को मनाने का प्रयास किया तो उन्होंने कहा कि हम कमरा उपलब्ध करवा देंगे। आप इस माहौल में 10 दिन रह कर दिखा दो, हम आपको मान जाएंगे। इसके बाद अधिकारियों की बोलती बंद हो गई। क्षेत्रवासियों ने कहा कि सीवरेज सफाई के लिए जो मशीन खड़ी की गई है उसे परमानेंट चलाया जाए अगर मशीन को बार-बार हटाया गया तो वहीं से भी बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे।

### कार्यालय के सामने डालेंगे गंदा पानी

प्रदर्शन में पहुंचे हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र श्योराण ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन में सीवरेज व्यवस्था को ठीक नहीं किया गया तो वे कालोनी वासियों के साथ मिलकर सीवरेज का गंदा पानी टैंकरों में भरकर जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के सामने डालेंगे ताकि विभाग के अधिकारियों को पता चल सके कि लोग किस हाल में इस गंदे पानी के बीच रहते हैं। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता भूपेंद्र गंगवा, छत्रपाल सोनी, पूर्व पार्षद भीम महाजन, हनुमान शर्मा आदि थे।

---

# सीवरेज पानी की समस्या को लेकर जलघर पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर



हिसार। जलघर पर धरना देते क्षेत्रवासी।

लंबे समय से सीवरेज एवं पीने के पानी की समस्या को लेकर परेशान लोगों ने जलघर पर धरना देकर रोष जताया। इनका कहना है कि वह लंबे समय से दूषित पेयजल पी रहे है, इसके चलते चलते लोग बीमार पड़ रहे है। इसके अलावा सीवरेज व्यवस्था का जनाजा निकला है। हर गली में गंदा पानी खड़ा जिसके चलते बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। आवागमन में भी भारी परेशानी हो रही है। यही नहीं 2 वर्ष बाद भी पीने के पानी, बरसाती पानी निकासी एवं सीवरेज समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है तथा तीनों ही कार्य अधूरे पड़े हैं। गलियों कीचड़ सनी पड़ी है। जगह-जगह मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। सीजन की पहली बरसात के बाद तो पानी घरों में घुस गया था।

इस दौरान एक प्रतिनिधिमंडल जगदीश, बहादुर, मोतीलाल गोयल, विजय ठाकुर, छबील दास, विनोद कुमार के नेतृत्व में एसडीओ मोहनलाल से मिला लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस अवसर पर मनजीत बेनीवाल, गुलशन, मनीराम, दिलावर सिंह, सुनील कुमार, नरसीराम, डॉ. छबीलदास सहित अनेक लोग मौजूद थे।

---

# सब्सिडी पर दिया जाएगा सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की जा चुकी है।

इसके तहत हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। योजना का लक्ष्य लोगों के घरों का बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य में अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता में कमी की जा सके।

इस योजना से पर्यावरण को फायदा मिलेगा। डीसी ने बताया कि जिस परिवार की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सौलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत लगाए जाने वाले सोलर पैनल की उत्पादन क्षमता 300 यूनिट मासिक तक है।

इसी तरह से जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख से 3 लाख रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सोलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 20 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी रा'य सरकार द्वारा दी जाएगी।

---

# युवाओं में बेरोजगारी के कारण नशे के प्रति बढ़ रहा रुझान : सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। युवाओं को नशे के प्रति सचेत करते डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने गांव ढिंगसरा, बनगांव, बनमंदोरी, पीलीमंदोरी में युवाओं और खिलाड़ियों से संपर्क कर उन्हें नशे के खिलाफ सचेत किया और असामाजिक तत्वों से सावधान रहने के लिए भी चेताया। डॉ. सिवाच ने कहा कि यह एक ऐसी बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। आज स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह नशे से प्रभावित हो रहा हैं। इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही समाज की भलाई है।

### नशा छोड़ने के लिए सबसे पहले अपने मन पर काबू करना होगा

नशा छोड़ने बारे में युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि नशा छोड़ने के लिए हमें सबसे पहले अपने मन पर काबू करना होगा। खुद पर भरोसा करना शुरू करें कि इस काम को हम फिर से नहीं दोहराएंगे। नशा छोड़ने में घर वालों का सपोर्ट भी अहम भूमिका निभाता है। डॉ. सिवाच ने कहा कि आजकल हरियाणा में हत्या, लूटपाट, गोलीबारी और अन्य असामाजिक गतिविधियां बढ़ती ही जा रही है और इसका मुख्य कारण युवाओं में बेरोजगारी है। आज जनता अपने को हताश व बेबस समझ रही है क्योंकि जहां-जहां बीजेपी की सरकार है वहां घोटाले और पेपर लीक मामले और नशे के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीजेपी की सरकार में पेपर लीक मामलों के कारण करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो चुका हैं। इसलिए दिन प्रतिदिन लोगों में और खासकर युवाओं में हताशा बढ़ती जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप युवाओं में नशे के प्रति रुझान बढ़ रहा है और वो अवसाद का शिकार भी हो रहे हैं। युवा डिप्रेशन में कठोर कदम भी उठा रहे हैं जो उनकी असमय मौत का कारण भी बन रहा हैं लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। स्थानीय शासन व प्रशासन पर तंज कसते हुए डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने कहा कि हाल ही में फतेहाबाद में बुकी भी पकड़े गए हैं लेकिन बाहर की पुलिस भी यहां की पुलिस के असहयोगऔर स्थानीय नेताओं के दबाव में कार्यवाही करने में लाचार दिख रही है। फतेहाबाद के स्थानीय भाजपा नेता तो इन स्टोरीयों और नशा बेचने वालों को लगातार बढ़ावा जारी रखे हुए हैं और शहर के सारे दो नंबरी लोग इन नेताओं के साथ जुड़े हुए हैं।

---

# नकद पुरस्कार व छात्रवृति के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

खेल विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 में 1 जनवरी, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार तथा छात्रवृति प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। नकद पुरस्कार व छात्रवृति के आवेदन पत्र का नमूना विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। कार्यकारी जिला खेल अधिकारी राजबाला ने बताया कि वर्ष 2023-24 में जिला फतेहाबाद के जिन खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किये हैं, वे 30 जुलाई तक आवेदन पत्र भरकर भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम में स्थित जिला खेल अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। जमा करवाने से पूर्व इस संबध में हिदायतों की जानकारी हेतू इस कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ खेल प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां स्पोटिंग खेल प्रमाण पत्रों सहित, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, प्रतियोगिता के दौरान नशीली दवाओं का सेवन न करने बारे नोटरी सत्यापित हलफनामा आदि आवेदन के साथ अनिवार्य होगा।

---

विद्यालय को गोद लेकर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को करें सूचित

# डाइट में हर तीन माह बाद विभाग को भेजी जाएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय विद्यालयों में शैक्षिक व वातावरण सुधार के लिए अब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) और ज्यादा अहम भूमिका निभाएंगे। इसकी शुरुआत में प्रदेश के सभी जिलों में स्थित डाइट में कार्यरत विषय-विशेषज्ञों को अपने जिलों में राजकीय प्राथमिक, राजकीय माध्यमिक, राजकीय उच्च या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में से किसी एक विद्यालय को गोद लेकर इसकी रिपोर्ट राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गुरुग्राम को भेजनी है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गुरुग्राम ने प्रदेश की सभी डाइट को भेजे गए पत्र में इस बारे आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया है कि ये विषय-विशेषज्ञ गोद लिए गए विद्यालयों में समय-समय पर निरीक्षण अवलोकन कर मासिक रिपोर्ट परिषद को भेजना सुनिश्चित करें। आगामी जुलाई माह से यह कार्य शुरू होगा।

### ये होगा निरीक्षण अवलोकन में

निरीक्षण अवलोकन के दौरान डाइट के विषय-विशेषज्ञ विद्यालय में शैक्षिक सुधार, बच्चों की हाजिरी, अध्यापकों की दैनिक डायरी, विद्यालय का वातावरण-सुविधाएं, विद्यालय मुखिया का व्यवहार, विद्यालय फंड, विद्यालय परिसर की साफ सफाई पर कार्य करेंगे। इसके अलावा इस बात को भी जांचा जाएगा कि विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है या नहीं। विषय-विशेषज्ञ विद्यालय के मुखिया व अध्यापकों से मिलकर पहले वहां शैक्षिक कायारें में पठन-पाठन में अगर कोई दिक्कत आ रही है तो उस पर मंथन करेंगे।

### 3 माह बाद होगी समीक्षा

गोद लिए गए विद्यालय की हर 3 माह बाद तुलनात्मक परिणाम निकाले जाएंगे कि इस दौरान कितना सुधार हुआ है। इसमें शैक्षिक सुधार, बच्चों की हाजिरी, अध्यापकों की दैनिक डायरी, विद्यालय का वातावरण, सुविधाएं, विद्यालय मुखिया का व्यवहार, विद्यालय फंड, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का तुलनात्मक अध्ययन होगा तथा इसकी एक रिपोर्ट रा'य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गुरुग्राम को भेजी जाएगी। अगर इस रिपोर्ट में नकारात्मक बिंदु जाते हैं तो संबंधित विद्यालय के मुखिया व अध्यापकों से सवाल-जवाब तलब किए जाएंगे।

### ये विद्यालय लिए गए गोद

गोद लिए गए विद्यालयों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाजेकां की प्रभारी डाइट की विषय-विशेषज्ञ शीला रानी, राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय मिट्ठी सुरेरा के सुरेंद्र नूनियां, राजकीय माध्यमिक विद्यालय धिंगतानिया के नीरज पाहूजा, पुलिस लाइन सिरसा के डॉ. सतबीर न्योल, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बड़ागुढ़ा के सतपाल माचरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेहनाखेड़ा के सोमप्रकाश, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पुलिस लाइन सिरसा के डॉ. अनिल कुमार व राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरासरी के दलीप सिंह प्रभारी रहेंगे।

### एक-एक विद्यालय गोद लेना आवश्यक: नुनिया

डिंग डाइट पीएसटीई विंग के प्रभारी सुरेंद्र नुनिया ने बताया कि रा'य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने प्रदेश के सभी 21 डाइट को पत्र लिखकर दिशा-निर्देश दिए हैं कि डाइट के विषय-विशेषज्ञ एक-एक विद्यालय गोद आवश्यक रूप से लेंगे तथा हर तीन माह बाद इसकी रिपोर्ट परिषद को भेजना सुनिश्चित करें। पत्र में कहा गया है कि डाइट व गोद लिए गए विद्यालयों के मुखिया इस कार्य को गंभीरता से करें, किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### दुकान से साढ़े 27 हजार की नकदी चोरी

**डिंग।** डिंग मंडी में एक कपड़े की दुकान के ताले तोड़कर चोर गल्ले से 27500 रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में डिंग मंडी निवासी जुगल किशोर ने बताया कि डिंग मंडी स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप वह कपड़े की दुकान चलाता है। उसने बताया कि बीती 23 जून की रात को वह दुकान बंद कर घर आ गया। देर रात को चोरों ने दुकान के शटर के ताले तोड़कर गल्ले में रखी 27500 रुपये की नकदी चोरी कर ली। सुबह जब वह दुकान पर गया तो उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरों ने घर से चुराई नकदी व मोबाइल

**डिंग।** गांव सुचान में चोर एक घर में घुसकर सोए हुए व्यक्ति के पास पड़े कमीज से 20 हजार रुपये की नकदी व एक मोबाइल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव सुचान निवासी हंसराज ने बताया कि बीती 22 जून की रात को वह अपने घर के आंगन में सोया हुआ था। उसने अपना कमीज निकालकर चारपाई पर रखा था। कमीज की जेब में 20 हजार रुपये की नकदी व मोबाइल था। देर रात को चोर उसकी कमीज की जेब से नकदी व मोबाइल चोरी कर ले गए। सुबह जब वह उठा तो घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बंद पड़े मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** शहर के प्रेमनगर क्षेत्र में चोर एक बंद पड़े मकान से 8500 रुपए की नकदी व आभूषण चुरा ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक वेदपाल सिंह ने बताया कि कुछ दिन से वह परिवार सहित बाहर गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर अलमारी से 8500 रुपये की नकदी, दो जोड़ी चांदी की पाजेब, 5 नग सोने के कोके, एक चांदी का गिलास, 2 हाथ घड़ी चोरी कर ले गए। शाम को जब वे घर वापस लौटे तो घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### थाना रोड पर दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** शहर के मुख्य बाजार थाना रोड से अज्ञात चोर दिनदहाड़े दुकान के बाहर खड़े मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के दीपक ने कहा है कि वह अब फतेहाबाद में रहता है और उसकी थाना रोड पर दुकान है। गत दिवस उसने बाइक को दुकान के बाहर खड़ा किया और दुकान में चला गया। जब वह वापस आया तो बाइक गायब थी। उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### जुलाई माह के पहले सप्ताह में शुरू होगा जाखल चंडीगढ़-बुढलाडा मार्ग का काम

# हरियाणा-पंजाब को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग के फिरेंगे दिन, धूल-मिट्टी से मिलेगी निजात

इसी वर्ष कार्य पूरा होने से वाहन चालकों को वर्ष के अंत तक जाखल में लगने वाले जाम से राहत मिलने लगेगी।

आकाश गर्ग ▶▶ जाखल





**जाखल।** कडैल तिराहा, जिसका विभाग कायाकल्प करेगा, चंडीगढ़-बुढलाडा मार्ग पर बने गड्ढे।

हरियाणा-पंजाब को जोड़ने वाले जाखल शहर के बीच से विभिन्न शहरों की ओर आवागमन के लिए सफर करने वाले लोगों के लिए एक राहत की खबर है। जाखल शहर के बीच में से गुजरते अति व्यस्तम चंडीगढ़-बुढलाडा रोड के शहर के अंदर के मार्ग के जल्द ही दिन फिरने वाले हैं। संबंधित अधिकारियों की मानें तो जुलाई के पहले सप्ताह में ही इसका कार्य प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में इसी वर्ष इसका कार्य मुकम्मल होने से वाहन चालकों को वर्ष के अंत तक जाखल शहर में लगने वाले जाम से राहत मिलने लगेगी। बता दें कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 60 करोड़ रुपए से निविदा जारी कर सुरेवाला चौक से टोहाना के हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर पर निर्माण किए जा रहे 30.14 किमी लंबा मार्ग मजबूत व चौड़ा करने की परियोजना में जाखल कड़ेल तिराहे से जाखल बस स्टैंड के आगे पंजाब सीमा तक करीब 2 किमी लंबा मार्ग को बनाया जाना है। इसी के तहत विभाग द्वारा अब जुलाई माह के पहले सप्ताह में जाखल में 1.8 किमी सड़क को बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। इस कार्य में विभाग द्वारा कडैल तिराहे का भी कायाकल्प किया जाएगा। यह तिराहा हरियाणा-पंजाब की सीमा पर स्थित है। इसके एक तरफ पंजाब के संगरूर जिला की हद है तो वहीं दूसरी तरफ हरियाणा के फतेहाबाद जिले की हद है। कड़ैल तिराहा सही न बनने के चलते आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती हैं, वहीं अभी सिंगल लाइन मार्ग होने के चलते जाखल शहर के बीच से गुजरने वाले वाहनों की संख्या के हिसाब से यह सड़क अपेक्षाकृत कम चौड़ी है। इस हिस्से में हरियाणा के जिला मुख्यालय की तरफ से आने जाने वाले अथवा पंजाब के मूनक, पातड़ा, पटियाला, चंडीगढ़ की तरफ आवाजाही करने वाले वाहन इस सड़क से गुजरते हैं। ऐसे में हरियाणा-पंजाब के विभिन्न मुख्य शहरों की ओर आने जाने वाले वाहन इस सड़क पर मिलते हैं। इससे अक्सर यहां जाम की स्थिति उत्पन्न होती रहती है।

#### मिलेगी राहत

यहां करीब 2 किलोमीटर लंबे अति व्यस्ततम मार्ग पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी रास्ते को पार करने में वाहन चालकों का अधिक समय लग जाता है। इसी के मद्देनजर सुरेवाला चौक से टोहाना के हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर पर निर्माण की परियोजना में विभाग ने जाखल शहर से गुजरती इस सड़क को बनाने की योजना को स्वीकृति दी है। इसके निर्माण के बाद वाहनों के निकलने के लिए अतिरिक्त एक लेन मिल जाएगी। इससे वाहन आसानी से निकल सकेंगे।

#### 2 किमी. लम्बी तो 33 फुट होगी सड़क की चौड़ाई

*सरल शब्दों में बताएं तो विभाग द्वारा जारी निविदा पत्र के मुताबिक जाखल क्षेत्र की जो करीब दो किमी सड़क का नवनिर्माण किया जाएगा, उसमें इस सडक की चौड़ाई 33 फुट है। मौजूदा स्थिति बयां करें तो ये सड़क सिकुड़ कर लगभग 15 फुट ही रह गई है। सड़क पर धूल मिट्टी जमा होने से सडक की चौड़ाई और भी कम हो गई है। मुख्य मार्ग होने के चलते इस सड़क पर 24 घंटे यातायात दबाव रहता है। मौजूदा समय से सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। बारिश के दिनों में तो स्थिति और विकट हो जाती है।*

#### क्या कहते हैं अधिकारी

*जाखल में प्रस्तावित कड़ैल तिराहे से पंजाब सीमा तक 1.8 सड़क मार्ग बनाने का कार्य जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू करवा दिया जाएगा। सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 33 फुट की जाएगी। इस सड़क के नवनिर्माण व चौड़ीकरन कार्य होने से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।*

*-अंकुर गर्ग, जेई लोक निर्माण विभाग टोहाना*

### साइबर ठगी : क्रेडिट कार्ड खाते से ठगों ने 29400 रुपये उड़ाए

**फतेहाबाद।** गांव जांडली खुर्द निवासी एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात ठगों ने उसके क्रेडिट कार्ड से 29400 रुपये उड़ा लिए। पुलिस को दी शिकायत में सुशील ने कहा है कि वह कम्पनी में नौकरी करता है। उसने पैसा बाजार से क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई किया था। इस पर 25 अप्रैल को उसे कोरियर के माध्यम से क्रेडिट कार्ड मिल गया। 6 मई को उसे मेल के माध्यम से पता चला कि उसके क्रेडिट कार्ड से 29400 रुपये की ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हो गई है। उसने इस बारे साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महावीर अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित, 30 जुलाई तक करें अप्लाई

**फतेहाबाद।** भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 28वें महावीर अवार्ड के लिए चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा व शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है।
फाउंडेशन द्वारा उपरोक्त चार क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जाने हैं, जिनमें प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि इस अवार्ड के लिए गरीब तबके व समाज के लिए सेवाएं देने वाले संस्थान और लोग आवेदन कर सकते हैं।

### दो मकान के ताले टूटे गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने योग नगर में दो मकानों के ताले तोड़कर लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में योग नगर फतेहाबाद निवासी जसपाल ने कहा है कि गत दिवस वह अपने घर को ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया हुआ था। रात करीब 11 बजे जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि उसके घर के मेन गेट का ताला व अंदर के गेट के ताले टूटे हुए थे और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जब उसने अंदर जाकर सामान की जांच की तो पाया कि अज्ञात चोर अलमारी से करीब 35 हजार रुपये कैश, दो जोड़ी सोने के झुमने, एक मंगलसूत्र, एक चेन, दो सोने की चूड़ियां, 4 अंगूठियां, चांदी की पंजेब सहित काफी सामान चोरी कर ले गए हैं। इस पर जब उसने आसपास तलाश की तो पता चला कि चोरों ने उसके घर के सामने रहने वाले कर्मवीर के मकान के भी ताले तोड़कर वहां से इन्वर्टर की बैटरी चोरी कर ले गए हैं।

## श्याम सेवा दल संस्था जाखल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल



**जाखल।** श्री श्याम सेवा दल को सम्मानित करते ट्रस्ट के सदस्य।

- थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर लगाया
- झुग्गी झोपड़ी वाले बच्चों को नि:शुल्क पढ़ा रही संस्था

टोहाना में उम्मीद चेरिटेबल ट्रस्ट के दूसरे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम किया गया, जिसमें बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शिरकत की। उम्मीद चेरिटेबल ट्रस्ट के दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए भी रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह किया गया। इस कार्यक्रम में जाखल की श्री श्याम सेवा दल संस्था को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में उन लोगों को सम्मानित किया गया, जो अनेक बार रक्तदान कर चुके हैं या फिर सर्वाधिक रक्तदान शिविर आयोजन कर चुके हैं। इसे लेकर टोहाना की उम्मीद चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जाखल की श्री श्याम सेवा दल संस्था को सम्मानित किया गया। इसे लेकर संस्था की ओर से उनका आभार प्रकट किया गया। सम्मानित किए गए सदस्यों में रजत सिंगला, प्रदीप कुमार, जोनी इंसान, ध्रुव गोयल, लव शर्मा मौजूद रहे। बता दें कि श्री श्याम सेवा दल संस्था द्वारा पिछले लंबे समय से सेवा भाव कार्य किए जा रहे हैं। संस्था द्वारा अब तक 8 रक्तदान कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, वहीं संस्था द्वारा बीते 9 सालसे लगातार गरीब झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है। संस्था की ओर से बेजुबान जानवर व पक्षियों के लिए मिट्टी के कसोरे में पानी रखकर उनकी प्यास बुझाने का सराहनीय कार्य भी किया जा रहा है।

## बिजली बोर्ड के एसए के साथ 49 हजार की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

बिजली बोर्ड में एसए साइबर ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात लोगों ने क्रेडिट कार्ड के नाम पर उसका पैन कार्ड मंगवाया और बाद में उसके खाते से करीब 49 हजार रुपये निकाल लिए। इस बारे पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में भट्टू निवासी विशम्बर सिंह ने कहा है कि वह बिजली बोर्ड में एसए के पद पर नौकरी करता है। उसके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड बना हुआ है। उसके पास बैंक के नाम से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह अपने क्रेडिट कार्ड को रुपये कार्ड में चेंज करवा ले और अपना पैन कार्ड उनके पास व्हाट्सअप पर भेज दे। इसके बाद उसने अपने पैन कार्ड की फोटो बताए गए व्हाटसअप नंबर पर भेज दी। इसके बाद उसके मोबाइल का सारा डाटा उनके पास चला गया और उक्त व्यक्ति ने उसके खाते से 48960 रुपये की ट्रांजेक्शन कर ली जबकि उसने अपने क्रेडिट कार्ड से कोई ट्रांजेक्शन नहीं की थी। इस पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। भूना पुलिस ने अब इस मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जमीन पर कब्जा और धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रतिया निवासी महिला ने गांव पालसर स्थित उसकी जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जे का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पालसर निवासी महिला वीरपाल कौर ने कहा है कि वह अपने परिवार के साथ अब नहर कालोनी रतिया में रहती है। पालसर में उसकी कृषि भूमि है। करीब 7 साल पहले यह जमीन उसके पति के नाम से उसके नाम हो गई थी। उसने रजिस्ट्री व इंतकाल अपने नाम करवा लिया था परंतु किसी कारणवश वह 7 कनाल 11 मरले की गिरदावरी अपने नाम नहीं करवा सकी। इसकी गिरदावरी मनप्रीत सिंह व गुरप्रीत सिंह निवासी पालसर के नाम रह गई थी। इस कृषि भूमि पर काफी सालों से उसका ही कब्जा है। महिला ने कहा कि 19 जून को उसके पड़ोसियों ने उसे फोन कर बताया कि उसके खेत में एक कार खड़ी है जिसके आगे का शीशा टूटा हुआ है। इस जमीन को लेकर मनप्रीत सिंह ने उसके खिलाफ केस किया हुआ है जिसकी अगस्त में सुनवाई है। बाद में उसे पता चला कि यह गाड़ी मनप्रीत सिंह की है और उसने जमीन पर कब्जा करने की नीयत से उसके खेत में गाड़ी को खड़ा किया है।

## भाजपाइयों ने आपातकाल के विरोध में मनाया काला दिवस

- संविधान को खत्म करने का काम किया था : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** 1975 के आपातकाल के विरोध में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता जगदीश चौपड़ा।

25 जून 1975 के दिन कांग्रेस के प्रधानमंत्री द्वारा लागू किए गए आपातकाल को याद करते हुए बीजेपी कार्यालय में काला दिवस मनाया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बीजेपी राष्ट्रीय परिषद के सदस्य जगदीश चौपड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने की। विशेष रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वेद जांगड़ा मौजूद रहे। भाजपा नेता जगदीश चौपड़ा ने कहा कि आज ही के दिन 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने देश में आपातकाल लगाया था। इसके कारण पूरे देश के विपक्ष के नेताओं को जेलों में डाल दिया था। कांग्रेस राज के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने न्यायालय के फैसले की धज्जियां उड़ाते हुए संविधान को खत्म करने का काम किया था। इतना ही नहीं, जनता की आवाज उठाने वाली मीडिया का दमन भी किया गया था। मीडिया और प्रेस की स्वतंत्रता को छीना गया था। सरकार के खिलाफ मीडिया द्वारा बोलने व लिखने पर पाबंदियां लगा दी गई थी।

#### आम जन की आवाज दबाई

आम जनता डर के मारे आवाज उठाना तो दूर की बात सरकार के खिलाफ बोलता तक नहीं था। जगदीश चौपड़ा ने कहा कि आपातकाल में देश ओर समाज ने जो यातनाएं सही, भारतीय इतिहास में उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता हमेशा ही देश पर राज करने की रणनीति बनाते आए हैं। अंग्रेजों की तरह यह भी भारतीयों को गुलाम बनाना चाहते हैं।
जगदीश चौपड़ा ने कहा कि 1975 के आपातकाल का भारत के लोकतंत्र पर लगे कलंक को आज 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक जाखड़ व रिंकू मान, जगदीश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चोपटा तहसील कार्यालय के सामने फूंका सरकार का पुतला, सौंपा ज्ञापन

# बिजली पानी से त्रस्त ढाणी ज्ञानदीप के ग्रामीणों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा



**सिरसा।** चोपटा तहसील कार्यालय के सामने पुतला फूंकते ग्रामीण।

कस्बे के गांव जमाल के वार्ड नंबर 19 और 20 के ढाणी ज्ञानदीप में बिजली और पानी की समस्या को लेकर चल रहे धरने पर 47वें दिन ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। पिछले 47 दिन से सरकार व प्रशासन द्वारा धरनारत लोगों की कोई सुध न लेने से खफा हुए ग्रामीण नाथूसरी चोपटा तहसील के सामने आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की ओर शासन व प्रशासन का पुतला फूंका। ग्रामीणों ने तहसीलदार शुभम शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने के बाद तहसीलदार शुभम शर्मा, बिजली व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ जमाल के ढाणी ज्ञानदीप पर चल रहे धरना स्थल पर पहुंचे और 1 घंटे तक ग्रामीणों से बातचीत की। तथा ग्रामीणों को जल्द समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। जमाल के सरपंच प्रतिनिधि ओम प्रकाश डूडी, प्रहलाद बैनीवाल राजाराम बैनीवाल रमेश डूडी,अजय कुमार बैनीवाल, जगदीश रूपवास रोहताश, ओमप्रकाश सिंधड़, विनोद बांदर, सतपाल, निठारवाल, भूप स्वामी, अर्जुन सिंह, भरत डूडी ,राम मूर्ति, राजेंद्र गर्वा, जैन गोदारा,संतोष, शारदा सहित जमाल के ढाणी ज्ञानदीप से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने धरना स्थल से नाथुसरी चोपटा तहसील की और कुच किया।
इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार व प्रशासन का पुतला लेकर नाथूसरी चोपटा के भटु रोड, भादरा रोड, सिरसा रोड, पर पुतले की शव यात्रा निकालकर नाथूसरी चोपटा तहसील कार्यालय के आगे पुतला फूंक दिया और सरकार प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने गीतों के माध्यम से सरकार को कोसा। सूचना मिलने पर डीएसपी ऐलनाबाद संजीव बल्हारा व नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी सत्यवान शर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। नाथूसरी चोपटा तहसील कार्यालय के सामने ग्रामीणों ने करीब 2 घंटे तक जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद तहसीलदार शुभम शर्मा ने ग्रामीणों को समझाया ग्रामीणों ने तहसीलदार को बिजली पानी की समस्या को हल करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

#### जमाल और 120 ढाणियों के लोगों का 47 दिन से चल रहा धरना

गौरतलब है कि जमाल गांव के वार्ड नंबर 19 और 20 में लोगों की करीब 120 ढाणियां है। जिनको ढाणी ज्ञानदीप के नाम से जाना जाता है। जिनमें कई वषोंर् से बिजली पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है। और डेढ महीने पहले ग्रामीणों ने ईन समस्याओं को लेकर धरना शुरू किया। लेकिन सरकार व प्रशासन की तरफ से किसी ने भी इनकी कोई सुध नहीं ली। ग्रामीण भयंकर गर्मी में धरना स्थल पर बैठे हुए हैं। मंगलवार को ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया और नाथूसरी चोपटा तहसील कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया।

### गरीब परिवारों को मिलेगा सूर्य घर योजना का लाभ

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की जा चुकी है। इसके तहत हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। योजना का लक्ष्य लोगों के घरों का बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य में अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता में कमी की जा सके। इस योजना से पर्यावरण को फायदा मिलेगा। जिस परिवार की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सौलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इसी तरह से जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख से 3 लाख रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सोलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 20 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी रा'य सरकार द्वारा दी जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530209, 9253681005